कार्यालय–जिला कार्यक्रम अधिकारी, शाहजहाँपुर।

पत्रांक C-1500 / जिकाअ / आं.बा.चयन–विज्ञप्ति / 2023–24, दिनांकः 15, मार्च, 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022–2 / 1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद शाहजहाँपुर के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती की प्रक्रिया के अन्तर्गत् विभागीय वेब साइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं। परियोजनावार रिक्त पदों का वार्डवार / ग्राम पंचायतवार विवरण निम्नवत् है :–

क्र.सं.	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	2	3	4
1	खुदागंज	ग्रामीण	04
2	मिर्जापुर	ग्रामीण	06
3	सिंधौली	ग्रामीण	09
4	ददरौल	ग्रामीण / शहरी	09
5	निगोही	ग्रामीण / शहरी	09
6	जैतीपुर	ग्रामीण	13
7	खुटार	ग्रामीण	14
8	जलालाबाद	ग्रामीण / शहरी	13
9	कलान	ग्रामीण / शहरी	15
10	बण्डा	ग्रामीण / शहरी	28
11	पुवायां	ग्रामीण / शहरी	29
12	मदनापुर	ग्रामीण	30
13	कांट	ग्रामीण / शहरी	32
14	भावलखेड़ा	ग्रामीण / शहरी	37
15	तिलहर	ग्रामीण / शहरी	41
16	शहर	शहरी	53
	योग–		342

उपरोक्त पदों का ग्राम पंचायतवार / वार्डवार विवरण, आरक्षण स्थिति का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

<u>विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देश :–</u>

1– विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

2– आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।

3– आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम पंचायत की स्थाई निवासी एवं ग्राम पंचायत में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।

4– आवेदिका की आयु पोर्टल पर निर्धारित कट ऑफ डेट के अनुसार न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

5– विज्ञाप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वाकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

6– विज्ञाप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 06 अप्रैल, 2024 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।

7– उपरोक्त विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों एवं कार्यालय से निर्गत रिक्तियों / विवरण में भिन्नता पाये जाने पर कार्यालय से निर्गत विज्ञप्ति में अंकित रिक्तियां / विवरण ही मान्य होगा। **पोर्टल पर आवेदन में आ रही किसी समस्या के निदान हेतु पोर्टल पर उपलब्ध टोल फ्री नम्बर 18001375678 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

जिला कार्यक्रम अधिकारी,
शाहजहाँपुर।

Scanned with OKEN Scanner